देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 25.04.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- पहलगाम आतंकी हमले पर विपक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार के प्रति पूरा समर्थन व्यक्त किया।

- प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में हर महीने के अंतिम शनिवार को 'बस्ता रहित दिवस' मनाया जाएगा।

- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र में 8 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

- चारधाम यात्रा की तैयारियों को परखने के लिये गढ़वाल के सभी जिलों में आयोजित मॉक ड्रिल में आपसी समन्वय बेहतर करने, रिस्पांस टाइम कम करने और संसाधनों के कुशल उपयोग पर जोर दिया गया।

सर्वदलीय बैठक

पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार की ओर से कल नई दिल्ली के संसद भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर, वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे, डीएमके पार्टी के त्रिरूचि शिवा समेत कई नेताओं ने बैठक में भाग लिया।

बैठक के दौरान हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सभी दलों ने हमलें की कडी निदां करते हुए सरकार को पूर्ण समर्थन का विश्वास दिलाया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने किसी भी कार्रवाई के लिए सरकार को पूरा समर्थन दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी दलों ने आतंकी हमले की निंदा की।

## बस्ते की छुट्टी

प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अब हर महीने के अंतिम शनिवार को 'बस्ता रहित दिवस' मनाया जाएगा। इस नई पहल की शुरुआत इसी शनिवार से की जा रही है।

शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में इस योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबों तक सीमित न रखते हुए उन्हें खेल, व्यावसायिक शिक्षा, कृषि, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी दक्ष बनाना है।

उन्होंने कहा, "हर महीने एक दिन बच्चों को बिना बस्ते के स्कूल बुलाया जाएगा ताकि उन्हें व्यावहारिक और रचनात्मक अनुभवों से जोड़ा जा सके।"

डॉ. रावत ने यह भी जानकारी दी कि अब स्कूल बैग का वजन नियंत्रित किया जाएगा। प्रदेश के सभी स्कूलों में बस्ते का वजन अब अधिकतम डेढ़ से पांच किलोग्राम के बीच रहेगा।

हालांकि, आई.सी.एस.ई बोर्ड के स्कूलों को इस व्यवस्था को पूरी तरह लागू करने के लिए दो महीने की छूट दी गई है। जुलाई से यह बोर्ड भी कम वजन वाले बैग और बस्ता रहित दिवस की व्यवस्था का पालन करेगा।

शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह योजना पूरी सख्ती से लागू की जाएगी। ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी इसकी निगरानी करेंगे।

## चयन प्रक्रिया

मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चम्पावत जिले के गौरल चौड़ मैदान ब्लॉक स्तरीय चयन प्रकिया का आयोजन किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी चन्दन बिष्ट ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर चयनित खिलाड़ी 25 से 27 अप्रैल तक टनकपुर में आयोजित चयन प्रकिया में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि

जिला स्तर पर 100 बालक व इतनी ही बालिकाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें 2 हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति और 10 हजार रुपएए खेल किट के लिए प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

<u>सहकारिता समीक्षा</u>

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के अपर सचिव पंकज कुमार बंसल ने अल्मोड़ा में जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सहकारिता से जुड़े सभी किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी, सहकारिता के महत्व को समझकर उसके उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करें। अपर सचिव ने अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़कर उनकी आजीविका संवर्धन का करने और किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने राज्य की भौगौलिक परिस्थितियों के अनुरूप फसलों का चयन कर ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने की बात भी कही।

<u>लोकार्पण और शिलान्यास</u>

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र में 8 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

उन्होंने चौबटिया–नागपानी–देहोली सिवाली रोड का उद्घाटन किया। इसके अलावा ईड़ा–जैरासी मोटर मार्ग के सेतु तक विस्तार कार्य का लोकार्पण भी किया गया।

श्रीमती आर्या ने चौबटिया–कुनलाखेत–बमस्यूँ मोटर मार्ग के पांच किलोमीटर लंबे पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखी, जिसकी अनुमानित लागत लगभग तीन करोड़ रुपए है। इसके बाद उन्होंने सोमेश्वर में चार करोड़ नवासी लाख रुपये की लागत वाली शेरविद्यापीठ पंपिंग पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया और संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

<u>मॉक ड्रिल</u>

चारधाम यात्रा की तैयारियों को परखने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक मॉक ड्रिल का आयोजन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आयोजित यह मॉक ड्रिल गढ़वाल मण्डल के सभी जिलों में संपन्न हुई।

सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के दौरान विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को परखना और तैयारियों में सुधार लाना था। उन्होंने बताया कि जहां कमियां पाई गई हैं, उन्हें जल्द ठीक किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मॉक ड्रिल के दौरान विभागों को आपसी समन्वय बेहतर करने, रिस्पांस टाइम कम करने और संसाधनों के कुशल उपयोग पर जोर दिया।

मॉक ड्रिल के दौरान रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल और कोरोनेशन अस्पताल का निरीक्षण कर वहां आपदा प्रबंधन योजना बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूलों में मासिक मॉक ड्रिल, फर्स्ट एड प्रशिक्षण और भूकंप सायरन लगाने की सिफारिश की गई।

<u>यात्रा व्यवस्था तैयारियां</u>

चारधाम यात्रा 2025 को लेकर उत्तराखंड सरकार पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के नेतृत्व में यात्रा मार्ग पर आधुनिक और सुगठित चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

केदारनाथ चिकित्सालय को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है, जबकि फाटा और पैदल मार्ग की चिकित्सा इकाइयों को भी सशक्त किया गया है।

चमोली, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम पर मेडिकल व्यवस्थाएं लगभग पूरी हैं। इस बार विशेषज्ञ डॉक्टरों की रोटेशनल तैनाती के साथ 309 ऑक्सीजन बेड, 6 आई०सी०यू बेड, 30 से अधिक एम्बुलेंस और 5 नए मेडिकल रिलीफ पोस्ट भी जोड़े जा रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने भी यात्रा मार्ग पर गुणवत्ता जांच के लिए मोबाइल वैन तैनात की है। स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी लगातार की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके।

निरीक्षण

पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, निलेश आनंद भरणे ने केदारनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

श्री भरणे ने, पुलिस अधीक्षक को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और दर्शन प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौरीकुंड से केदारनाथ मार्ग तक जंगलचट्टी, भीमबली, लिनचोली, छानी कैंप, रुद्रा प्वाइंट और बेस कैंप में व्यवस्थाओं की स्थिति देखी।

पुलिस महानिदेशक ने रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग और गौरीकुंड तक पार्किंग, होटल, लॉज, रेस्टोरेंट, यातायात, शौचालय और पुलिस बल की व्यवस्था की भी समीक्षा की।

उन्होंने मंदिर परिसर और अन्य प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा, दर्शन के लिए लाइन प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मंदिर सुरक्षा में तैनात आईटीबीपी के जवानों से भी बातचीत कर उनके कार्य की सराहना की।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले से संबंधित खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है।

अमर उजाला ने लिखा है– देश एकजुट, सभी दल एक सुर में बोले– आतंकवाद के आका को सिखाएंगे सबक। इसी खबर पर राष्ट्रीय सहारा ने लिखता है–सभी दलों का मिला साथ, आतंक के खिलाफ सरकार के हर एक्शन का समर्थन।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री ने दिया कड़ा संदेश इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है।

हिंदुस्तान ने लिखा है– आतंक के आकाओं की कमर तोड़ कर रखेंगे। मोदी की चेतावनी मिट्टी में मिला देंगे। नवोदय टाइम्स ने लिखा है– प्रधानमंत्री बोले– कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

दून में कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा बढ़ाई गई। इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है। कश्मीरी छात्रों पर बयान के बाद देहरादून में अलर्ट। हिंदुस्तान लिखता है– कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा को पीएसी तैनात, सोशल मीडिया पर अब देहरादून पुलिस की नजर।